हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, बुधवार, 18 जून 2025

13 आवासीय कल्याण संघ ने की देवालय मंदिर स्थित...



14 पर्यवेक्षकों ने संबोधन के बाद बंद कमरे में की कांग्रेसियों से...



## खबर संक्षेप

### चरस सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** पुलिस की एंटी नार्कोटिक सैल ने चरस सहित एक आरोपी को काबू किया है। आरोपी के खिलाफ आसौदा थाने में केस दर्ज किया गया है। एएनसी को सूचना मिली थी कि आसौदा मोड़ के पास एक व्यक्ति नशीला पदार्थ लेकर खड़ा है। इस पर टीम तुरंत वहां गई और आरोपी को काबू किया। राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी लेने पर आरोपी के पास 105 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी की पहचान सुरेंद्र के रूप में हुई है। रोहतक का रहने वाला है। उससे पूछताछ की जा रही है।

### अवैध हथियार सहित आरोपी को पकड़ा

**बहादुरगढ़।** पुलिस की अपराध जांच शाखा दो ने अवैध हथियार सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज किया गया है। दरअसल, पुलिस को सूचना मिली कि नए बस अड्डे के सामने सर्विस रोड प एक युवक अवैध हथियार लेकर खड़ा है। इस पर टीम तुरंत वहां गई और आरोपी को काबू किया। उसके पास पिस्तौल बरामद हुई। आरोपी की पहचान सागर के रूप में हुई है। उससे पूछताछ की जा रही है।

### अलग-अलग दो स्थानों से बाइक ले उड़े चोर

**बहादुरगढ़।** इलाके में वाहन चोरी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। अब दो और लोगों ने पुलिस को शिकायत दी है। भगत सिंह कॉलोनी के निवासी संजय ने कहा है कि 16 जून की सुबह वह पुराने बस स्टैंड के सामने एक प्लाजा में था। प्लाजा के बाहर बाइक खड़ी की थी। किसी ने वहां से बाइक चुरा ली। इस शिकायत पर सिटी थाने में केस दर्ज हुआ है। वहीं, छोटूराम नगर के निवासी अंश का कहना है कि 15 जून की रात पौने 12 बजे बाइक घर के बाहर खड़ी की थी। सोमवार की सुबह देखी तो नहीं मिली। शिकायत पर लाइनपार थाने में केस दर्ज हुआ है।

### बाजार गई युवती लापता गुमशुदगी का केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** सामान लेने के लिए बाजार गई एक युवती लापता हो गई है। सप्ताभर बीत जाने के बाद भी उसका कुछ अता पता नहीं है। परिजनों ने अब पुलिस को सूचना देकर तलाश की गुहार लगाई है। यूपी मूल के सुंदरम का कहना है कि वह बहादुरगढ़ की एक कॉलोनी में रहती है। गत चार जून को मेरी 18 वर्षीय बहन सामान लेने के लिए बाजार गई थी लेकिन वापस नहीं आई। काफी देर तक नहीं लौटी तो तलाश शुरू की। लेकिन कुछ पता नहीं चला। उधर, पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

## लोगों को मिली गर्मी से राहत लेकिन जलभराव ने बढ़ाई परेशानी

# पहली ही बरसात में दम तोड़ गई निकासी व्यवस्था





**बहादुरगढ़।** शहर के मांडोठी बाजार में भरे पानी से गुजरती कार व दयानंद नगर की विवादित गली में भरा पानी। फोटो : हरिभूमि

बरसात के बाद मौसम हुआ सुहावना। तापमान में गिरावट आने से लोगों को गर्मी से काफी हद तक राहत मिली। आगामी दो दिन तक गर्मी से राहत की संभावना है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

मंगलवार की दोपहर को बहादुरगढ़ में झमाझम बरसात हुई। लगभग सवा घंटे के अंदर 52.8 एमएम बरसात दर्ज की गई। बरसात के चलते तापमान में काफी गिरावट हुई और लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं, सीजन की इस पहली बरसात ने जल निकासी व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। जगह-जगह हुए जलभराव के कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी।



**बहादुरगढ़।** टीचर कॉलोनी की गली में भरा बरसाती पानी। फोटो : हरिभूमि

दरअसल, बीते दो-तीन दिन से इलाके में मौसम परिवर्तनशील था। आसमान में बार-बार बादल छा रहे थे, लेकिन शहर में बरसात नहीं हो पा रही थी। मंगलवार को भी दिनभर आसमान में बादल छाए रहे। सुबह के वक्त हल्की बूंदें भी गिरी, लेकिन दोपहर करीब दो बजे बरसात शुरू हो गई। लगभग सवा घंटे तक झमाझम बारिश हुई। सवा तीन बजे बारिश की रफ्तार थम गई। दोपहर बाद तक ठंडी हवा के साथ हल्की बूंदाबांदी जारी थी।

आसमान में बादल छाए हुए थे। बरसात के बाद मौसम खुशनुमा हो गया। तापमान में काफी गिरावट हुई और लोगों को गर्मी से कहीं हद तक राहत मिली। आगामी दो दिन तक गर्मी से राहत की संभावना है।

वहीं, दूसरी तरफ एक ही घंटे की बरसात ने शहर में जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी। शहर में जगह-जगह जल भराव हो गया। झज्जर रोड, मांडोठी बाजार सहित कई रास्तों पर काफी देर तक पानी जमा रहने से आवागमन प्रभावित रहा।

निचली कॉलोनियों के लोगों को अधिक दिक्कतें उठानी पड़ी। दरअसल, इन दिनों शहर में नालों की सफाई चल रही है लेकिन काम पूरा नहीं हो सका है तो कहीं काम अटका पड़ा है। वार्ड-25 के पार्षद रमन यादव ने कहा कि नालों की सफाई सही तरीके से नहीं हो रही। लगभग 100-100 फुट का दायरा छोड़कर सिल्ट निकाली जा रही है। पुलिया के नीचे से तो सफाई ही नहीं हो रही। अभी तो केवल पहली ही बरसात हुई है। आगामी बरसाती सीजन को गंभीरता से लेकर नालों की बेहतर तरीके से सफाई की जाए।

## झज्जर के अंबेडकर चौक, सीताराम गेट पर हुआ जलभराव

- एसडीएम और नप चेयरमैन ने किया शहर का दौरा

**झज्जर।** मंगलवार को हुई हल्की बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली। लेकिन कुछ स्थानों पर हुए जलभराव के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा और एक बार फिर प्रशासनिक स्तर पर जलनिकासी की व्यवस्था की पोल खुलते हुए दिखाई दी। शहर के अंबेडकर चौक, सीताराम गेट, रहणियां कॉलोनी स्थित अन्य क्षेत्रों में जलभराव हो गया। जिसके कारण दुपहिया वाहन चालकों और राहगीरों को काफी दिक्कत हुई। बाद में बरसात रूकने पर नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी, एसडीएम ने शहर का दौरा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कोसली रोड पर बंद नाले का भी मुआयना किया और संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। वहीं, बरसात के कारण मौसम सुहाना हो गया और तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। मंगलवार को अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विशेषज्ञ आगामी दिनों में भी मौसम परिवर्तनशील रहने का अनुमान लगा रहे है।



**झज्जर।** शहर के कोसली मार्ग क्षेत्र का दौरा करते हुए नप चेयरमैन व एसडीएम। फोटो : हरिभूमि



**झज्जर।** बरसात के बाद शहर के सीताराम गेट क्षेत्र में हुआ जलभराव। फोटो : हरिभूमि

## लाल चंद कालोनी में आकाशीय बिजली गिरने से बिजली के उपकरण जले



**झज्जर।** आकाशीय बिजली गिरने के बाद छत और मकान के बाहर खड़े लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर


मंगलवार दोपहर बाद शहर की लालचंद कॉलोनी में एक मकान पर आकाशीय बिजली गिरने से इलेक्ट्रानिक उपकरण जल गए। जिसके कारण पीड़ित व्यक्ति का हजारों रुपये का नुकसान हो गया। गणीमत यह रही कि इस दौरान कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। आकाशीय बिजली गिरने के दौरान इतनी तेज आवाज हुई कि आसपास रहने वाले लोगों में भी दहशत का माहौल बन गया। बाद में काफी संख्या में लोग मौके पर एकत्रित हो गए। पीड़ित संजय सुहाग ने बताया कि आकाशीय बिजली गिरने से उसके घर के अधिकांश इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जल गए है। उन्होंने बताया कि छत पर बने कमरे में लगाए गए एसी में आकाशीय बिजली गिरी। जिसके बाद एकाएक घर के सभी उपकरण जल गए। इसके अलावा दीवार में दरारें आ गई और छत को भी नुकसान पहुंचा है। जिसके कारण उनका हजारों रुपये का नुकसान हुआ है।



**झज्जर।** आकाशीय बिजली गिरने के कारण दीवार में आई दरारें।

## रेलवे अनुसंधान के लिए डीएमआरसी ने आस्ट्रेलिया की यूनिवर्सिटी के साथ एमओयू साइन किया

**बहादुरगढ़।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने आस्ट्रेलिया के मोनाश विश्वविद्यालय (रेलवे प्रौद्योगक संस्थान) के साथ एमओयू साइन किया है। रोलिंग स्टॉक, ट्रैक रखरखाव आदि के उन्नत स्वचालन के क्षेत्रों में मेट्रो रेल अनुसंधान गतिविधियों को सहयोग करने और संयुक्त रूप से आगे बढ़ाने के लिए यह कदम उठाया गया है। मंगलवार को मेट्रो भवन में डीएमआरसी और आईआरटी मोनाश के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ताओं ने दोनों संगठनों के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत मोनाश विश्वविद्यालय और डीएमआरसी अकादमी के बीच समय-समय पर आदान-प्रदान कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। डीएमआरसी विशिष्ट संविदात्मक समझौतों के तहत आईआरटी, मोनाश विश्वविद्यालय के माध्यम से किए जाने वाले मेट्रो सिस्टम से संबंधित अध्ययनों की पहचान करेगी। उन्हें केस-टू-केस आधार पर अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके अलावा तकनीकी, अनुसंधान सहयोग और मेट्रो इंजीनियरों की योग्यता निर्माण से संबंधित कदम भी उठाए जाएंगे। डीएमआरसी के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने बताया कि यह एमओयू एक महत्वपूर्ण कदम है। परिचालन और रखरखाव क्षेत्रों में डीएमआरसी की क्षमताओं को बढ़ाएगा। भविष्य के उपक्रमों के लिए नए अवसर भी पैदा करेगा, जिससे ट्रेन संचालन की सुरक्षा, विश्वसनीयता में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी और विशेषज्ञता के आदान-प्रदान की सुविधा मिलेगी। मोनाश विश्वविद्यालय एक अग्रणी ऑस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालय है, जो अपने शोध उत्कृष्टता और नवाचार के लिए जाना जाता है। मोनाश विश्वविद्यालय में रेलवे प्रौद्योगिकी संस्थान रेलवे प्रौद्योगिकी और इंजीनियरिंग पर केंद्रित एक विश्व प्रसिद्ध अनुसंधान केंद्र है।



**बहादुरगढ़।** एमआयू साइन करते डीएमआरसी और आईआरटी मोनाश के अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## कसार के निकट दो अवैध कॉलोनियों में की तोड़फोड़

- एक प्रॉपर्टी डीलर का कार्यालय, 22 डीपीसी व 500 मीटर रोड नेटवर्क उखाड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शहर के समीप गांव कसार के रकबे में काटी जा रहीं 2 अवैध कालोनियों के खिलाफ जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) की ओर से मंगलवार को अभियान चलाया गया। करीब 6 एकड़ में पनप रही दोनों अवैध कालोनियों में तोड़फोड़ कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई के दौरान एक कार्यालय, 22 डीपीसी व 500 मीटर रोड नेटवर्क तोड़े गए।

बहादुरगढ़ के आउटर इलाके में कसार गांव के रकबे में काटी जा रही 2 अवैध कालोनियों में डीटीपी की टीम ने मंगलवार को तोड़फोड़ की। कार्रवाई के दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में नायब तहसीलदार अनिल गौतम मौजूद रहे। जेई अरविंद ने बताया कि विभाग की जेसीबी ने 6 एकड़ रकबने में अवैध रूप से विकसित की जा रही दोनों कॉलोनियों में 22 डीपीसी ढहा दी। एक प्रॉपर्टी डीलर के कमरे को भी डीटीपी की टीम ने जेसीबी की मदद से गिरा दिया। तोड़फोड़ दस्ते ने 500 मीटर रोड नेटवर्क भी उखाड़ दिया। जिला नगर योजनाकार मनीष दहिया ने बताया कि शहर के बाहरी क्षेत्रों में अवैध कॉलोनी काटने की सूचना मिली थी, जिस पर यह कार्रवाई की गई। जिले में काटी जा रहीं अवैध कालोनियों के खिलाफ यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। कोई भी व्यक्ति जमीन खरीदता है, तो उसकी पहले जांच पड़ताल कर लें। प्रॉपर्टी डीलरों के बहकावे में आकर अनाधिकृत या अवैध कॉलोनियों में प्लॉट ना लें। अवैध कॉलोनियों में किसी भी तरीके से निर्माण नहीं होने दिया जाएगा। अवैध निर्माण को गिराने की कार्रवाई की जाएगी।





**बहादुरगढ़।** कसार के निकट अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ कार्रवाई करती डीटीपी की जेसीबी।

## 36 एमएलडी के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में मिली अनेक खामियां

# एसटीपी के सैंपल फेल, एचएसपीसीबी ने दिया नोटिस

- नोटिस में 15 दिन के भीतर सभी बिंदुओं पर जवाब मांगा
- लीगल एक्शन और पैनल प्रोसिडिंग की चेतावनी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शहर के नजफगढ़ रोड पर स्थित 36 एमएलडी के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में वेस्ट को प्रॉपर तरीके से ट्रीट नहीं किया जा रहा है। जिस कारण सरकार की यह कवायद फिजूल साबित हो रही है। यहां ट्रीट किए गए पानी के नमूने निर्धारित मानकों के मुकाबले दोगुणा खराब मिले हैं। जिसके चलते हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा वाटर (प्रीवेंशन एंड कंट्रोल आफ पॉल्यूशन) एक्ट 1974 के तहत जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

बता दें कि एचसीपीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी शैलेंद्र अरोड़ा और एईई अजय बूरा ने 2 जून को एसटीपी से मासिक सैंपल लिए थे। एसटीपी के इनलेट और आउटलेट से सैंपल लेकर बोर्ड की फरीदाबाद स्थित लेबोरेटरी में भेजे गए थे। इन सैंपलों के संबंध में 16 जून को आई रिपोर्ट में पता चला है कि सीओडी 50 मिलीग्राम प्रति मिलीग्राम की जगह 74.7 मिलीग्राम प्रति एमजी है। बीओडी की मात्रा भी 10 एमजी प्रति एमएल की लिमिट से कहीं अधिक 17 मिली। टीएसएस भी 20 की जगह 42 मिलीग्राम प्रति एमएल मिला। टोटल नाइट्रोजन की वैल्यू भी 10 की बजाय 11.20 मिली। फैक्ल कॉलीफॉर्म एमपीएन भी 100 की बजाय 240 मिला है।



**बहादुरगढ़।** नजफगढ़ रोड स्थित एसटीपी के ताजा हालात। फोटो : हरिभूमि

इसके अलावा निरीक्षण में यह भी सामने आया कि सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पर निर्धारित एसओपी का पालन नहीं हो रहा। डिस्चार्ज पहुंचने की टाइमिंग को लेकर भी नोटिस में सवाल उठाए गए हैं। इसके अलावा स्लज रिमूवल फैसिलिटी भी पर्याप्त नहीं मिली है। एसटीपी पर तीन फिल्टर प्रेस भी सही से काम करती हुई नहीं मिली। ग्रिट चैंबर पर प्रॉपर स्क्रीनिंग भी नहीं थी।

इनलेट पर फ्लो मीटर नहीं थे। एसटीपी के बाईपास अरेंजमेंट और आउटलेट पर लगे फ्लो मीटर भी काम नहीं कर रहे थे। ऑनलाइन मॉनिटरिंग डिवाइस भी रिप्रेजेंटेटिव डाटा नहीं दर्शा रही थी। बाईपास अरेंजमेंट को भी डिस्कनेक्ट नहीं किया गया था। इस कारण से बिना ट्रीट किया सीवेज भी ड्रेन में डिस्चार्ज करने की संभावना बढ़ जाती है। बोर्ड प्रबंधन के अनुसार इस एसटीपी को रेड कैटेगरी में रखा गया है। नोटिस में नियमों का हवाला देते हुए 22 दिसंबर 2021 से लागू एनवायरमेंटल कंपनसेशन का भी उल्लेख किया गया है। मंगलवार को जारी नोटिस में 15 दिन के भीतर इन सभी बिंदुओं पर जवाब मांगा गया है। ऐसा न होने पर लीगल एक्शन और पैनल प्रोसिडिंग की चेतावनी दी गई है।

### सोने-चांदी के आभूषण और घरेलू सामान चोरी

- जसोरखेड़ी स्थित बंद मकान में हुई वरदात

**बहादुरगढ़।** गांव जसोर खेड़ी में स्थित एक बंद मकान को चोरों ने निशाना बना लिया। मकान से सोने, चांदी के आभूषण सहित घरेलू सामान पर हाथ साफ कर दिया। आसौदा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात लक्ष्मी के मकान में हुई है। पुलिस को दी शिकायत में लक्ष्मी ने कहा है कि उसकी दोनों बेटियों की शादी हो चुकी है। मैं घर पर अकेली ही रहती हूं। अक्सर अपनी बेटियों के पास ठहरने चली जाती हूं। करीब तीन सप्ताह पहले भी मुकुंदपुर में अपनी बेटी के पास रहने चली गई। पीछे से मकान बंद था। इसी दौरान चोरों ने मकान को निशाना बनाते हुए वारदात कर दी। हाल ही में जब अपने गांव वाले इस मकान में आई तो अंदर सारा सामान अस्त व्यस्त था। सारा सामान खंगाला गया था। इन्वर्टर बैट्री, पंखा, सोने की बालियां, आधा किलो चांदी, सोने के दो लोकेट व घर के दस्तावेज नहीं मिले। आसौदा थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

## नप सफाई कर्मचारियों की मांग, अन्य सफाई कर्मियों को दिया जाए दरोगा बनने का मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

मंगलवार दोपहर बाद नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों ने नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी से मुलाकात करते हुए हटाए गए दरोगाओं के स्थान पर अन्य सफाई कर्मियों को दरोगा के पद पर कार्य करने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। यूनियन के इकाई प्रधान शिवम चावरियां के नेतृत्व में काफी संख्या में नप परिसर पहुंचे सफाई कर्मचारियों ने कहा कि उनका किसी भी साथी के साथ कोई विरोधाभास नहीं है।

उनका कहना है कि संबंधित इकाई द्वारा जिन सफाई दरोगाओं को हटाया गया है। उनके स्थान पर अन्य सफाई कर्मचारियों को भी दरोगा के पद पर कार्य करने का मौका दिया जाना चाहिए। जिसका अन्य सभी सफाई कर्मचारियों ने समर्थन करते हुए नारेबाजी की।

वहीं एक अन्य कर्मचारी ने इसका विरोध भी जताया और कहा कि यूनियन के प्रधान की यह बात तर्कसंगत नहीं है और न ही हम उन्हें अपना प्रधान मानते है, लेकिन नप चेयरमैन ने बीच बचाव करते हुए कहा कि उनके लिए सभी कर्मचारी एक समान है और उनके परिवार के सदस्य है। इसलिए सभी कर्मचारी और यूनियन के पदाधिकारी आपस में बैठकर बात कर ले। बाद में यूनियन के इकाई प्रधान शिवम चावरियां ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन भी नप चेयरमैन को सौंपा। इस दौरान यूनियन के जिला प्रधान राजेंद्र कूषामढ़, बहादुरगढ़ इकाई प्रधान राजेश, झज्जर इकाई प्रधान शिवम चावरियां, इकाई सचिव विकास उज्जैनवाल, कोषाध्यक्ष गौरव सहित अन्य भी मौजूद रहे।



**झज्जर।** नगर परिषद कार्यालय में एकत्रित कर्मचारी नप चेयरमैन के समक्ष अपनी बात रखते हुए। फोटो : हरिभूमि



**झज्जर।** अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए नप सफाई कर्मचारी।



# सितारे जमीन पर बिना किसी कट के हुई पास

**मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान एक बार फिर बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। उनकी मच अवेटेड फिल्म सितारे जमीन पर को आखिरकार सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन से हरी झंडी मिल गई है। खास बात ये है कि सेंसर बोर्ड ने इस फिल्म को बिना किसी कट के थिएटर में रिलीज करने की अनुमति दी है, जिससे आमिर के फैंस के बीच उत्साह दोगुना हो गया है। ये फिल्म 20 जून 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। फिल्म की रिलीज से पहले इसे लेकर कुछ अड़चनों का सामना करना पड़ा था। सीबीएफसी की ओर से फिल्म में दो बदलाव करने का सुझाव दिया गया था, जिसके बाद फिल्म की रिलीज को लेकर असमंजस की स्थिति बन गई थी।

लाइफ Style

# जेनेलिया

## रोज 10 घंटे काम करती हूं, मुश्किल है, असंभव नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा से जब वर्क-लाइफ बैलेंस से जुड़ा सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि वे हर दिन 10 घंटे काम करती हैं। जेनेलिया डिसूजा फिल्म 'सितारे जमीन पर' फिल्म में नजर आएंगी, जो इसी महीने रिलीज होगी। हाल ही में जेनेलिया डिसूजा ने बताया कि वे अपनी निजी जिंदगी को कैसे मैनेज करती हैं? अभिनेत्री ने कहा कि डायरेक्टर जब काम के घंटे बढ़ा देते हैं तो वे एडजस्टमेंट कर लेती हैं। जेनेलिया ने कहा, 'यह मुश्किल है, लेकिन असंभव नहीं है। मैं दिन में 10 घंटे काम करती हूं और ऐसे दिन भी आते हैं जब डायरेक्टर इसे बढ़ाकर 11 या 12 घंटे करने के लिए कहते हैं'।

जेनेलिया डिसूजा ने आगे कहा, 'मुझे लगता है कि यह ठीक है, लेकिन हमें उन एडजस्टमेंट को करने के लिए समय चाहिए। जब आपके पास एक या दो दिन होते हैं, जब आपको ज्यादा काम करना पड़ता है। यह एक आपसी समझ और प्रोसेस भी है, जिसकी जरूरत है'। काम के घंटों को लेकर जेनेलिया की टिप्पणी ऐसे वक्त में आई है, जब फिल्म 'स्पिरिट' से दीपिका के बाहर होने के बाद शिफ्ट टाइमिंग को लेकर बहस छिड़ी है। संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित फिल्म 'स्पिरिट' में दीपिका पादुकोण काम करने वाली थीं। मगर, उन्होंने आठ घंटे की शिफ्ट करने की शर्त रखी।

अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने जब से फिल्म 'स्पिरिट' छोड़ी है, इंडस्ट्री में शिफ्ट टाइमिंग और वर्क-लाइफ बैलेंस को लेकर चर्चा छिड़ गई है। दरअसल, दीपिका ने निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा से आठ घंटे की शिफ्ट करने की शर्त रखी थी। इस पर सहमति नहीं बनने पर दीपिका ने फिल्म छोड़ दी। इसके बाद कई सितारे दीपिका के बचाव में आ चुके हैं।




हॉलीवुड मसाला



# शो कैंसिल होने पर भड़क उठे लोग

**लॉस एंजिल्स।** कोलंबियाई सिंगर शकीरा का टेक्सास में होनेवाला कॉन्सर्ट पोस्टपोन कर दिया गया है, जिसके में लोगों में इसे लेकर काफी गुस्सा है। शकीरा के फैन्स उस समय भड़क गए जब सैन एंटोनियो के अलामोडोम में शुक्रवार रात को होने वाले उनके कॉन्सर्ट को कथित स्ट्रक्चरल इशूज़ के कारण अंतिम समय पर पोस्टपोन कर दिया गया। इस अनाउंसमेंट से पहले कॉन्सर्ट जाने वालों ने कई तस्वीरें और वीडियोज़ शेयर किए थे जिसमें चिलचिलाती गर्मी में स्टेडियम के बाहर फैन्स की लंबी लाइन नजर आ रही है। कई फैन्स ने कहा कि उन्हें अंदर जाने से पहले काफी देर तक बाहर रोक कर रखा गया।



# जिंदगी मुश्किल है, मुझे बहुत गुस्सा आता है!

**लॉस एंजिल्स।** अपने गानों से पूरी दुनिया को थिरकाने वाले सिंगर जस्टिन बीबर इन दिनों पर्सनल लाइफ के कारण चर्चा में बने हुए हैं। जिस तरह से वो सोशल मीडिया पर फोटोज शेयर कर रहे हैं और उनपर जो कैप्शन लिख रहे हैं, उससे यूजर्स तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं। उनकी मेंटल हेल्थ से लेकर बीवी हैली बीबर संग अनबन को लेकर अफवाएं उड़ रही हैं। अब पहली बार जस्टिन ने इनपर रिएक्ट किया है। उन्होंने लिखा कि वो अपने बारे में सोचकर 'थक' गए हैं। उन्होंने गुस्सा आने की बात का भी जिक्र किया है। इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, 'लोग मुझे ठीक होने के लिए कहते रहते हैं। क्या आपको नहीं लगता कि अगर मैं खुद को ठीक कर सकता, तो मैं पहले ही कर चुका होता? मुझे पता है कि मैं टूट चुका हूं। मुझे पता है कि मुझे गुस्सा आता है। मैंने अपनी पूरी जिंदगी उन लोगों की तरह बनने की कोशिश की, जिन्होंने मुझसे कहा था कि मुझे उनके जैसा ठीक होना चाहिए।



# तलाक की अफवाहों पर लगाया ब्रेक

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता आहूजा के बीच तलाक की अफवाहें एक बार फिर फैल रही हैं। वजह है सुनीता द्वारा अपने नाम से 'आहूजा' सरनेम हटाना और नाम में एक अतिरिक्त 'एस' जोड़ना। इस छोटे से बदलाव ने सोशल मीडिया पर बड़ी हलचल मचा दी है। तलाक की अटकलें एक बार फिर तूल पकड़ने लगीं, लेकिन. अब सुनीता ने खुद सामने आकर इन सभी अफवाहों पर विराम लगा दिया है। एक इंटरव्यू में सुनीता आहूजा ने स्पष्ट किया कि उनके नाम में किया गया ये बदलाव किसी भी पारिवारिक समस्या या तलाक से संबंधित नहीं है। उन्होंने बताया कि ये फैसला उन्होंने न्यूमरोलॉजी के मुताबिक लिया है। सुनीता ने कहा कि उन्होंने 'आहूजा' सरनेम हटाया और अपने नाम में एक अतिरिक्त 'एस' जोड़ा ताकि उन्हें नाम और शोहरत मिल सके।



# आशा भोसले के साथ 25 साल बाद गाया गाना

**मुंबई।** गायक अदनान सामी ने हाल ही में दिग्गज गायिका आशा भोसले के साथ गाना गाया है। उन्होंने आशा भोसले के साथ गाना गाने का अनुभव साझा किया है। उन्होंने आशा भोसले के साथ 'आओ ना' गाना गाया है। इस गाने में ईशा सिंह और अविनाश मिश्रा अदाकारी करेंगे। उन्होंने बताया है कि वह 'कभी तो नजर मिलाओ' के 25 साल के बाद उनके साथ एक गाने पर काम कर रहे हैं। एक बातचीत में अदनान सामी ने कहा 'आशा भोसले जी के साथ मेरा आखिरी बार गाना 25 साल पहले रिलीज हुआ था। यह गाना 'कभी तो नजर मिलाओ' था। उसके बाद हमने कई गाने किए। लेकिन, हमने कोई स्वतंत्र गाना नहीं किया। हमने कोई एकल गाना नहीं किया। इसलिए हमारी लंबे समय से इच्छा थी।' अदनान सामी ने कहा कि लोग भी चाहते

टीवी मसाला



# खूब हिट रहीं ये ऑनस्क्रीन जोड़ी किरदार के नाम से पहचानते हैं लोग

**नई दिल्ली।** बड़े पर्दे और ओटीटी का अलग जलवा है। मगर, छोटे पर्दे का दर्शक वर्ग भी कम बड़ा नहीं है। यहां की कुछ जोड़ियां खूब लोकप्रिय हुई हैं। हाल ही में 'बड़े अच्छे लगते हैं' का नया सीजन शुरू हुआ है। इस बार शो में नई जोड़ी ऋषभ (हर्षद चोपड़ा) और भाग्यश्री (शिवांगी जोशी) से मिलवाया गया है। टीवी की दुनिया में ऐसी कई ऑनस्क्रीन जोड़ी रहीं, जिनके नाम दर्शकों को आज भी याद हैं। साल 2001 में शुरू हुए इस सीरिलय ने दर्शकों का खूब प्यार बटोरा। प्रेरणा और अनुराग बसु की जोड़ी ने तहलका मचा दिया। प्रेरणा की भूमिका अभिनेत्री श्वेता तिवारी ने निभाई। वहीं, अनुराग बसु का रोल सीजेन खान ने निभाया। दोनों ने इस सीरियल से जो लोकप्रियता पाई, उसका मुकाबला नहीं। यह सीरियल 2008 में खत्म हुआ। क्योंकि सास भी कभी बहू थी सीरियल ने छोटे पर्दे पर तहलका मचा दिया था। तुलसी का किरदार स्मृति ईरानी ने निभाया, जो अब राजनीति की दुनिया में सक्रिय हैं। वहीं, मिहिर की भूमिका अमर उपाध्याय ने निभाई। हालांकि, बाद में मिहिर के किरदार में अमर उपाध्याय को रिप्लेस किया गया और यह किरदार इंद्र कुमार और रोनित रॉय ने निभाए। तुलसी और मिहिर विरानी की जोड़ी ऑनस्क्रीन हिट रही। टीवी शो 'कहीं तो होगा' भी खूब हिट रहा। साल 2007 में आए इस सीरियल में कशिश और सुजल की लव स्टोरी दिखाई गई। कशिश का रोल आमना शरीफ ने निभाया। वहीं, सुजल की भूमिका में राजीव खंडेलवाल दिखे।

## पहले एपिसोड से ही हर्षद-शिवांगी ने जीता दिल

नई दिल्ली। एकता कपूर के शो बड़े अच्छे लगते हैं नया सीजन शुरू हो गया है। 16 जून को शो का पहला एपिसोड ऑनएयर हुआ है। शो में हर्षद चोपड़ा और शिवांगी जोशी लीड रोल में नजर आए हैं। पहला एपिसोड देखते ही लोग एक बार फिर इन दोनों के फैन हो गए हैं। पहले एपिसोड को



लोगों का काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। हर्षद चोपड़ा को ऐसे लुक में देखकर उनकी फीमेल फैंस एक बार फिर खुश हो गई हैं। सोशल मीडिया पर इस एपिसोड की खूब तारीफ हो रही है। पहले एपिसोड से ही लोगों का कनेक्शन इस शो से बन गया है। हर्षद चोपड़ा को लोगों का खूब प्यार मिल रहा है। सबसे ज्यादा हर्द की एंट्री की तारीफ हो रही है। फैंस अभी से दूसरे एपिसोड का इंतजार कर रहे हैं। पहले एपिसोड को देखकर लग रहा है कि ये कहानी फेक शादी से शुरू होकर प्यार होने तक चलेगी. इस तरह की स्टोरी पहले कभी टीवी पर देखने को नहीं मिली है। फैंस को इंतजार है कि ऋषभ और भाग्यश्री क्या जादू दिखाते हैं। पहला एपिसोड देखने के बाद लोग सोशल मीडिया पर इसकी तारीफ कर रहे हैं।

# वॉर 2 के टीजर में ऋतिक के कूल लुक का खुला राज


**मुंबई।** फिल्म वॉर 2 में यशराज फिल्म्स की जासूसी दुनिया का सबसे लोकप्रिय जासूस कबीर फिर से लौट रहा है। कबीर को इस बार एक अलग लुक के साथ पेश करने की जिम्मेदारी मिली है, अनाइता श्रॉफ अदजानिया को। अनाइता ने इस फिल्म के लिए खूब सारी रिसर्च की है। अंतरराष्ट्रीय स्तर की कॉस्ट्यूम पर अपना ध्यान दिया है और अपनी स्टाइलिंग से ये दिखाने की कोशिश की है कि बिना तड़क भड़क वाले कपड़ों के भी कोई सितारा कैसे सबका दुलारा बन सकता है!



ऋतिक रोशन के दीवाने पूरी दुनिया में हैं। अपनी चुंबकीय शख्सियत से वह युवाओं के साथ-साथ बच्चों व किशोरों को भी बीते 25 साल से अपना दीवाना बनाते आ रहे हैं। खुद को सुपरहीरो के रूप में पेश करने वाली फिल्म कृष की अगली कड़ी में वह निर्देशक भी बनने जा रहे हैं। हालांकि, कम लोगों को ही पता होगा कि उन्होंने सिनेमा में अपनी शुरुआत अपने पिता राकेश रोशन के साथ सहायक निर्देशक के तौर पर ही की थी। फिल्म वॉर 2 इसलिए भी खास है, क्योंकि इस फिल्म की रिलीज के बाद ऋतिक सीधे कृष 4 में दिखेंगे। फिल्म वॉर में ऋतिक रोशन के किरदार कबीर को दर्शकों ने एक खास अंदाज के साथ देखा है और उस अंदाज को और निखारने की जिम्मेदारी जब इसकी सीक्वल में कॉस्ट्यूम डिजाइनर अनाइता श्रॉफ अदजानिया को मिली तो उन्होंने इसे चुनौती के तौर पर लिया। अनाइता कहती हैं, 'मैं बहुत भाग्यशाली रही हूं कि मुझे ऋतिक के साथ धूम 2, बैंग बैंग जैसी फिल्मों में काम करने का मौका मिला।

# 'आप जैसा कोई' 11 जुलाई में होगी रिलीज

**मुंबई।** एक्टर आर. माधवन और फातिमा सना शेख की आगामी फिल्म 'आप जैसा कोई' की रिलीज डेट से पर्दा उठ गया है। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर 11 जुलाई को रिलीज होगी। मंगलवार को नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्टर शेयर कर रिलीज डेट बताई है। फिल्म 11 जुलाई से स्ट्रीम होगी। मंगलवार को जारी हुए पोस्टर में फातिमा और माधवन रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। दोनों एक बैंच पर बैठे हैं और एक-दूसरे को निहारते हुए मुस्कुरा रहे हैं। इस पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा है, 'इस रॉमकॉम को 'आप जैसा कोई' का इंतजार था। माधवन और फातिमा को 'आप जैसा कोई' में प्यार तलाशते हुए देखें। बता दें कि यह एक रोमांटिक फिल्म है, जिसे विवेक सोनी ने निर्देशित किया है। फिल्म 'आप जैसा कोई' को करण जौहर की धर्माटिक एंटरटेनमेंट ने बनाया है। यह दो अलग-अलग व्यक्तियों की दिल छू लेने वाली प्रेम कहानी है। नेटफ्लिक्स के पोस्ट पर



नेटिजन्स प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'माधवन के साथ कंगना ज्यादा अच्छी लगतीं'। एक यूजर ने लिखा, 'फाइनली हम माधवन को फिर से मैडी वाले अवतार में देख पाएंगे'। इस फिल्स से पहले आर माधवन फिल्म 'केसरी चैप्टर 2' में नजर आए थे। 'केसर 2' में माधवन के अलावा अक्षय कुमार और अनन्या पांडे ने अहम भूमिका निभाई है। यह फिल्म भी अब ओटटी पर उपलब्ध है।

## अधूरी प्रेम कहानी : उसी ने बनाया कॅरियर और कर दिया बर्बाद भी

# शादीशुदा एक्टर ने एक गरीब लड़की को बना दिया सुपरहिट हीरोइन

हिंदी सिनेमा में कई लवस्टोरीज ऐसी हैं जिनके बारे में तो सब जानते हैं। मगर, कुछ प्रेम कहानियां ऐसी हैं जो दर्शकों तक कम ही पहुंच पाती है। एक कहानी है अरुणा ईरानी और महमूद की भी। शादीशुदा महमूद का और अरुणा एक-दूसरे के करीब आ चुके थे। खुद एक्ट्रेस ने भी अपने रिलेशनशिप की बात कबूल की थी। मगर, फिर एक कारण के चलते दोनों के रास्ते अलग हो गए और ये प्रेम कहानी अधूरी रह गई। हाल में ही एक इंटरव्यू में अरुणा ईरानी ने खुलकर इस बारे में बात की। उन्होंने ये भी कहा कि महमूद ने ही उनका कॅरियर बनाया और बर्बाद भी कर दिया।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

78 साल की अरुणा ईरानी ने कहा, 'डांस डायरेक्टर सुरेश भट्ट ने मुझसे कहा था कि तू महमूद को घास डाल। वही एक ऐसे इंसान हैं जो तुझे काम दे सकते हैं। लेकिन, मैं थी कि ज्यादा कुछ नहीं कहती थी, सिर्फ हां या न महमूद को जवाब देती थी। फिर महमूद ने मुझे काम देना शुरू कर दिया। धीरे धीरे उनके दिल में मेरे प्रति एक सॉफ्ट कॉर्नर बन गया। मैंने उनके जरिए फेम, पैसा, नाम और बहुत कुछ देखा। फिर मैं सोचती थी कि मैं कब तक इस आदमी को बेवकूफ बनाऊंगी। फिर हम दोनों अच्छे दोस्त और दोस्त से भी ज्यादा करीब आ गए। लेकिन, ये उनके लिए ये इतना ही था।'



### गरीब परिवार से आती थीं

अरुणा ईरानी ने खुलासा किया कि कैसे उन्होंने काम पाने के लिए एक्टर को खुश करने का हर संभव कोशिश की थी। इसके बदले उन्होंने भी एक्ट्रेस का करियर संवारा था। ईरानी ने स्वीकार किया कि उन्होंने हद से बाहर जाकर उनकी खुशामत की। उन्होंने कहा, 'मैं बहुत ही गरीब फैमिली से आती हूं। मैंने पहली बार पैसा शौहरत और सब कुछ देखा था।'

### शादीशुदा थे महमूद

अरुणा ईरानी ने वो किस्सा भी याद किया जब विनोद खन्ना ने महमूद से कहा था कि क्या सच में वह फिल्म में उनकी लीड हीरोइन होंगी? उन्होंने महमूद से ये भी कहा कि क्या वह शादीशुदा हैं। महमूद ने तब ईरानी की ओर देखा और मुस्कुरा दिया। लेकिन, कुछ कहा नहीं। अरुणा ने कहा कि महमूद ने मेरा कॅरियर बनाया और बर्बाद भी कर दिया।

### ब्रेकअप की वजह

*इस इंटरव्यू में वेटरन जर्नलिस्ट भारती एस प्रधान ने एक्ट्रेस को बताते हुए कहा, 'महमूद भाई ने मुझसे कहा हमें ब्रेकअप करना पड़ा, क्योंकि मेरी पत्नी को ये अच्छा नहीं लगा। अरुणा तो शादी करना चाहती थीं, लेकिन मैं शादी न कर सका। उन्होंने मुझे ये कारण बताया था, लेकिन आप बताओ क्या कारण था।'*

### पत्नी ने करवाया अलग

*फिर अरुण ईरानी अपने हिस्से की बात बताती हैं, 'उनकी फैमिली उन्हें मेरे साथ काम करने से भी रोकती थी। उसके बाद मेरा कोई रिश्ता उनके साथ नहीं था। लेकिन, मेरी बहुत सारी जिम्मेदारियां थीं अपने परिवार को लेकर। मुझे इस ब्रेकअप के बाद किसी ने काम नहीं दिया। मैंने फिर गाने करने शुरू कर दिया। लेकिन, मुझे इस बात का कोई पछतावा नहीं कि कैसे में लीड हीरोइन से डांस करने लगीं। मैं बस कमाना चाहती थी। '*

## खबर संक्षेप

### ट्रेन में जेब तराशने पर जीरो एफआईआर दर्ज

**रेवाड़ी।** झेलम एक्सप्रेस में चढ़ते समय रेल यात्री की जेब तरासने पर जीआरपी ने जीरो एफआईआर दर्ज करते हुए उसे नई दिल्ली जीआरपी को प्रेषित किया है। जीआरपी को दर्ज शिकायत में चरखी दादरी निवासी राजेश कुमार मित्तल ने बताया कि वह नेपानगर जाने के लिए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से झेलम एक्सप्रेस में चढ़ रहा था। ट्रेन में चढ़ते समय उसकी जेब काटकर 6500 रुपये निकाल लिए गए।

### महिला से मारपीट मामले में दो गिरफ्तार

**डहीना।** निमोठ गांव में एक महिला के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने उसकी सास और देवर को गिरफ्तार किया है। पुलिस बयान में महिला ने आरोप लगाया था कि जब वह अपने प्लॉट में जा रही थी, तो सास शारदा व देवर सोमदत्त ने उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। गांव के लोग वहां एकत्रित हो गए, तो आरोपियों ने उसे छोड़ दिया। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज किया था। आरोपी मां-बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

## तालाब की चार दीवारी से किया जा सकेगा बरसाती पानी का संचय

# आवासीय कल्याण संघ ने की देवालय मंदिर स्थित प्राचीन तालाब के सौंदर्यीकरण की मांग

सोमबीर ने बताया कि इस ज्ञापन की एक प्रति एस्टेट अधिकारी हरियाणा विकास प्राधिकरण व नगर परिषद को भी भेजी गई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

शहर के सेक्टर नौ के आवासीय कल्याण संघ द्वारा देवालय मंदिर के साथ लगते तालाब के सौदर्यीकरण की मांग जिला प्रशासन से की है। आवासीय कल्याण संघ के प्रधान सोमबीर ने बताया कि उन्होंने उपायुक्त को इस संबंध में मांग पत्र भी सौंपा है। सेक्टर के प्राचीन देवालय मंदिर के साथ लगते तालाब का सौंदर्यीकरण करते हुए उसकी चार दीवारी, लाईट व्यवस्था, लोगों के बैठने के लिए बैंच की जाए।

उन्होंने कहा कि यह शहर के प्राचीन मंदिरों में से एक है और सेक्टर के बीच में स्थित है। यदि इसका सौंदर्यीकरण किया जाए तो जहां इसमें बरसाती पानी का संचय किया जा सकेगा वहीं मिट्टी कटाव व जल रिसाव से सेक्टर के मकानों में होने वाले नुकसान से बचा सकेगा। प्राचीन धरोहरों में शुमार इस तालाब के सौंदर्यीकरण के बाद यहां मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं में भी यह आकर्षण का केंद्र रहेगा। सोमबीर ने बताया कि इस ज्ञापन की एक प्रति एस्टेट अधिकारी हरियाणा विकास प्राधिकरण व नगर परिषद को भी भेजी गई है। इस दौरान उनके साथ मंजीत, सतपाल, सतीश, हरिओम, रविकांत, सुखबीर, राजपाल, रमेश मान सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। देवालय मंदिर परिसर स्थित प्राचीन तालाब। फोटो: हरिभूमि

### वर्ष में चार बार होता है भंडारे का आयोजन

मंदिर में शहर के अलावा निकटवर्ती गांव जौंधी, रामपुरा, खेड़ी, खातीवास, सिंकदरपुर, कैमलगढ़ आदि के ग्रामीणों के अलावा दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, सोनीपत, खरखौदा आदि से भी श्रद्धालु माथा टेकने आते हैं। इस मंदिर में वर्ष में चार बार बाबा नारायणदास व बाबा गोपालदास की जयंती व पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में भंडारे का आयोजन किया जाता है।

### लोगों में धार्मिक आस्था का केंद्र हैं देवालय आश्रम

देवालय आश्रम के महंत इंद्रदास महाराज ने बताया कि यह तालाब करीब तीन सौ वर्ष पुराना है। बताते हैं कि बेनामी संत नारायणदास महाराज ने आकर यहां तपस्या की थी व धुना लगाया था। इस प्राचीन मंदिर में एक गुफा भी बनी हुई है। तालाब किनारे प्राचीन बरगद, नीम, पीपल आदि के वृक्ष भी हैं। इस तालाब के पानी की खासियत है कि इसमें स्नान करने से लोगों के चर्म रोग ठीक होते हैं। आस्था का केंद्र बने इस मंदिर में श्रद्धालु सुबह शाम आते हैं तो तालाब में मछलियों के लिए आटा भी लाते हैं।



झज्जर। होनहार विद्यार्थी जिला पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह और डीसीपी जसलीन कौर के साथ।

### पुलिस आयुक्त ने होनहार विद्यार्थियों का किया उत्साहवर्धन

**झज्जर।** जिला पुलिस विभाग में तैनात पांच कर्मचारियों के बच्चों ने नीट परीक्षा उर्तीण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मंगलवार को होनहार विद्यार्थियों ने पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह ने सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यार्थियों को एक पौधा भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। होनहार विद्यार्थियों ने इशु, अनु, हैप्पी, अरूण और अंजलि शामिल है। इस दौरान डीसीपी हैडक्वटर एवं क्राइम जसलीन कौर भी मौजूद रही।

### एशियन पैरा कैनो चैंपियनशिप में संगीता ने जीते दो मेडल

**झज्जर।** थाईलैंड में आयोजित एशियन पैरा कैनो चैंपियनशिप में जिले की खिलाड़ी संगीता कादियान ने दो कांस्य पदक जीतकर परिजनों व गांव का गौरव बढ़ाया है। संगीता के पिता मंजीत सिंह ने बताया कि उसकी पुत्री ने कैटेगरी वीएल-3 दो सौ मीटर और कैटेगरी वीएल-3 पांच सौ मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किए हैं। संगीता की इस उपलब्धि पर जहां प्रशिक्षकों द्वारा उसके परिजनों को बधाई दी गई वहीं दो-दो कांस्य पदक जीतने पर गांव में भी खुशी की लहर है।




झज्जर। जीते गए मेडल दिखाते हुए खिलाड़ी संगीता व प्रशिक्षक। फोटो: हरिभूमि

# शिविर में 94 लोगों ने रक्तदान कर कमाया पुण्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

रिलायंस फाउंडेशन व मॉडल इकॉनामिक टाउनशिप कंपनी द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान दादरी तोए स्थित सेक्टर पांच के रिलायंस ऑफिस परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित सिक्योरिटी व सीएसआर प्रमुख कर्नल रोमेल राज्याण ने स्वयं रक्तदान करते हुए शिविर की शुरूआत की। उन्होंने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि युवाओं को चाहिए कि वे रक्तदान के लिए आगे आएं। शिविर में कंपनी प्रोजेक्ट क्षेत्र में आने वाले गांव के युवाओं, क्षेत्र में स्थित विभिन्न उद्योगों के कर्मचारियो एवं रिलायंस के अधिकारियों व कर्मचारियों ने उत्साह पूर्वक भागीदारी की। इस दौरान 94 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। अक्षय कुमार, संजय गुलाटी, राजकुमार पंघाल, हनी मलिक, सतेंद्र काजल, शिवकुमार, अशोक, अमित पंघाल, भानुप्रताप, हिमांशु, विपिन पांडे, दीपांशु गोविंद आदि ने भी रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।




झज्जर। शिविर के दौरान उपस्थित रक्तदाता और विभागीय टीम। फोटो: हरिभूमि

# पीसीपीएनडीटी अधिनियम को लेकर कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

मंगलवार को स्थानीय नागरिक अस्पताल के ट्रेनिंग हॉल में पीसीपीएनडीटी अधिनियम को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान पीसीपीएनडीटी के जिला नोडल अधिकारी डॉक्टर उरेंद्र द्वारा गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम 1994 व लिंग अनुपात सुधारने बारे जानकारी दी गई। इसके अलावा राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से भी अवगत कराया गया। सीएमओ डॉक्टर जयमाला ने आमजन को दिए अपने संदेश में कहा कि भ्रूण हत्या, जन्म पूर्व लिंग परीक्षण और अन्य किसी भी माध्यम से बेटियों की हत्या को अपराध के अंतर्गत दोषी पाये जाने वाले व्यक्तियों व संस्थाओं को कानूनी सजा तथा लाइसेंस रद्द करने और जेल भेजने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि बेटियों की सुरक्षा, संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य और बेहतरी के लिए सामाजिक रूप से हम सभी लोगों को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि लिंगानुपात में सुधार और बेटियों को उसका पूरा अधिकार देना हम सबकी सामूहिक जिम्मेवारी है।



झज्जर। कार्यशाला के दौरान उपस्थित स्वास्थ्य अधिकारी एवं कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि



बहादुरगढ़। आरएसएस पदाधिकारियों का स्वागत करते अश्वनी शर्मा।

# आरएसएस प्रचारको का बजरंग वाहिनी कार्यालय में किया स्वागत

**बहादुरगढ़।** अखिल भारतीय बजरंग वाहिनी के प्रदेश कार्यालय पर आरएसएस के धर्म जागरण समन्वय विभाग के प्रांत प्रमुख चंद्र सिंह और प्रांत टोली प्रमुख आदित्य का स्वागत किया गया। वाहिनी के प्रांत प्रमुख प्रदीप सिन्हा, उप प्रमुख मनोज दुहन, सनातन रक्षा दल के अश्वनी शर्मा, सत्येंद्र दहिया, शिक्षाविद संजीव शर्मा, विनोद, पंकज, कृष्णकांत सिंह व प्रमोद गुप्ता आदि ने दोनों का स्वागत करने उपरांत सनातन धर्म के प्रचार प्रसार पर चर्चा हुई।

# लघु सचिवालय परिसर में आंगनबाड़ी वर्कर्स और सुपरवाइजरों ने किया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को पूरे उत्साह के साथ मनाने की तैयारियां जिलेभर में जोर-शोर से चल रही हैं। इसी कड़ी में महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में मंगलवार सुबह लघु सचिवालय स्थित पार्क में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्यातिथि जिप चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना ने शिरकत की।

उन्होंने अपने संबोधन में जिप चेयरमैन कप्तान बिरधाना ने कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है बल्कि मानसिक शांति और आंतरिक ऊर्जा भी प्रदान करता है। जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर राजकपूर ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में योगाचार्य बलदेव द्वारा प्रतिभागियों को योगासन, प्राणायाम और ध्यान की विभिन्न क्रियाओं का अभ्यास करवाया गया।

शिविर में विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी सुपरवाइजर व वर्करों ने सामूहिक योगाभ्यास किया।



झज्जर। लघुसचिवालय परिसर में योगाभ्यास करते हुए आंगनबाड़ी वर्कर्स और सुपरवाइजर। फोटो: हरिभूमि

# अवैध हथियार मुहैया कराने का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सीआईए ने अवैध हथियार उपलब्ध कराने के मामले में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया गया है। गत 10 मई को पुलिस ने भजन का बाग मोहल्ला निवासी रोहित उर्फ कालिया को देशी कट्टे व तीन जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज किया गया था। आरोपी ने पूछताछ के दौरान बताया था कि उसने कट्टा व कारतूस डब्बू से लिए थे। पुलिस ने डब्बू को भी इस मामले में गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने हथियार सप्लाई के आरोप में डब्बू को काबू किया तो उसने बताया कि उसे हथियार गुरूग्राम के खेड़ा खर्मपुर निवासी रजत उर्फ काजू ने मुहैया कराया था। सीआईए ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे सिटी पुलिस के हवाले कर दिया गया। आरोपी को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी रजत उर्फ काजू। फोटो: हरिभूमि



झज्जर। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार करते हुए विभागीय टीम। फोटो: हरिभूमि

### लोकगीतों के माध्यम से जन-जन तक पहुंच रहा जनकल्याण का संदेश

**झज्जर।** डीआईपीआरओ सतीश कुमार ने बताया कि सूचना जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की भजन पार्टियां लगातार प्रचार अभियान चलाते हुए जन-जन तक सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं एवं नीतियों के बारे में जागरूक कर रही हैं। इसके अलावा भजन पार्टियां आमजन को भजन पार्टियां द्वारा भजनों के जरिए आमजन के बीच सरकारी योजनाओं का प्रचार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भजन पार्टी द्वारा विशेष रूप से हरियाणवी लोक शैली में ग्रामीणों को सरकार की उपलब्धियों से भी अवगत करवाया जा रहा है।

# राहगीरों में वितरित किया केसर युक्त खीर का प्रसाद



झज्जर। राहगीरों में खीर वितरित करते हुए श्रद्धालु। फोटो: हरिभूमि

**झज्जर।** मंगलवार को शहर के मेन बाजार स्थित थाना वाले पीर के सामने व्यापारियों द्वारा छबील लगाकर राहगीरों में केसर युक्त खीर का प्रसाद बांटा गया। व्यापारी कृष्ण सलूजा के नेतृत्व में खीर वितरित करते हुए उन्होंने कहा कि सभी व्यापारियों के सहयोग से दो क्विंटल दूध से निर्मित किशमिश, केसरयुक्त खीर तैयार कराई गई। मंगलवार को भंडारा लगाने से पुण्य की प्राप्ति होती है तथा हनुमान जी का आशीर्वाद भी प्राप्त होता है। इस दौरान लोगों द्वारा जय श्री राम व बजरंग बली के जयकारे भी लगाए गए।

**सूचना**

मैं, सत्यवीर सिंह पुत्र श्री भगवाना निवासी 954, सैनी मौहल्ला, नांगलोई वेस्ट, दिल्ली-110041 हाल आबाद मकान नंबर-13/93, गली नंबर-4, फ्रेंडस कॉलोनी, नजफगढ़ रोड, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरे पुत्र धर्मेंद्र का देहांत 15/03/2025 को हो गया था। मेरी पुत्रवधु प्रेम पूजा मेरे कहने सुनने से बाहर है और मैं उससे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करता हूं। उसके साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। प्रेम पूजा अपने हर कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होगी। मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का उससे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

**सूचना**

मैं, सतीश कुमार पुत्र श्री ईश्वर निवासी गली नंबर-7, छोटूराम पार्क, झज्जर रोड, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र दीनू व पुत्रवधु चांदनी मेरे कहने सुनने से बाहर हैं और मैं उनसे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। दीनू अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का उनसे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

**सूचना**

हम, महेंद्र पुत्र रिशाल सिंह व संतरा पत्नी महेंद्र निवासीयान मकान नंबर-446/20, अशोक नगर, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करते है कि हमारा पुत्र अरुण व पुत्रवधु राखी हमारे कहने सुनने से बाहर हैं और हम उनसे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करते हैं। भविष्य में उनके साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। अरुण व उसकी पत्नी राखी अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे। हमारा व हमारे परिवार के सदस्यों का उनसे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

## विधायक ने विधानसभा में रखी थी मांग, नारियल फोड़कर किया शुभारंभ

# सीवरेज की सफाई के लिए आई 2 करोड़ की सुपर सक्शन मशीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शहर की जर्जर सीवरेज व्यवस्था के समाधान के लिए विधायक राजेश जून ने विधानसभा में सुपर सक्शन मशीन खरीदने की मांग उठाई थी। आखिरकार बहादुरगढ़ को यह 2 करोड़ रुपए की सुपर सक्कर मशीन मिल गई है। विधायक राजेश जून ने मंगलवार को नारियल फोड़कर इसे शहर की सफाई के लिए समर्पित किया। इसके साथ ही इस मशीन ने सीवर पाइपलाइन की सफाई का काम शुरू कर दिया है। विधायक राजेश जून ने कहा कि बहादुरगढ़ में पिछले कई साल से सीवर ओवरफ्लो की समस्या बहुत विकराल थी। अधिकारियों ने सीवर की बड़ी पाइप लाइनों की सफाई के कार्य के लिए सुपर सक्कर मशीन की मांग रखी थी। उन्होंने यह मांग विधानसभा में उठाई, सुपर सक्कर मशीन का एस्टीमेट बनवाया और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से उस एस्टीमेट को पास करवाया। आज सुपर सक्कर मशीन बहादुरगढ़ को मिल गई। अब इस मशीन के माध्यम से शहर की बड़ी सीवर पाइप लाइनों की सफाई का कार्य सहजता से हो जाएगा। लोगों को सीवर ओवरफ्लो की समस्या से छुटकारा मिलेगा।



बहादुरगढ़। नारियल फोड़कर सुपर सक्कर मशीन को शुरू करवाते विधायक राजेश जून। फोटो: हरिभूमि

### 3800 मीटर लंबी सीवर की बड़ी पाइपलाइन की हो सकेगी सफाई

अधिकारियों ने बताया कि इस मशीन से 3800 मीटर लंबी सीवर की बड़ी पाइपलाइन की सफाई हो सकेगी। इसके अलावा 13 से 14 किलोमीटर लंबी सीवर की छोटी पाइपलाइन की सफाई भी इस मशीन की दूसरी पॉकेट से हो पाएगी। इस अवसर पर पालेराम शर्मा, युवराज छिल्लर, प्रधान अशोक राठी परनाला, महेंद्र छिल्लर, संजीव सैनी, संजय जोवल, राजेश मकडोली, जयपान खत्री, कुक्कू, राकेश आदि मौजूद रहे।

# चद्दर खरीदने के बहाने आए गल्ले से नकदी लेकर फरार

**रेवाड़ी।** फिदेड़ी मोड़ पर एक दुकान पर चद्दर खरीदने के बहाने बाइक पर आए दो युवक गल्ले से 70 हजार रुपये निकालकर फरार हो गए। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपियों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

झज्जर चौक काठमंडी निवासी तनिष्क यादव ने बताया कि उसकी फिदेड़ी मोड़ पर दुकान है। उसकी दुकान पर दो लोग चद्दर खरीदने के लिए आए थे। दुकान में बने ऑफिस में आकर दोनों ने चद्दर दिखाने को कहा। वह उन्हें साथ लेकर चद्दर दिखाने लगा। इसी दौरान उनमें से एक मौका पाकर उसके ऑफिस में चला गया। गल्ले से 70 हजार रुपये निकाल लिए। चद्दर दिखाने के बाद वह अपने ऑफिस में आया तो एक पांच सौ रुपये का नोट फर्श पर गिरा हुआ था। उसने गल्ला चेक किया तो नकदी गायब मिली। इसी दौरान बाइक पर सवार होकर दोनों भागने लगे। उसने दोनों को रोकने का प्रयास किया, परंतु वह भागने में कामयाब हो गए। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक की, तो उनमें से एक युवक गल्ले से पैसे निकालता हुआ दिखाई दिया। उसने फुटेज पुलिस को सौंप दी। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद फुटेज के आधार आरोपियों की पहचान कराने के प्रयास शुरू कर दिए।

**खबर संक्षेप**

## प्रदीप व सिकंदर बने युकां प्रदेश महासचिव



प्रदीप यादव, सिकंदर

**बहादुरगढ़।** भगत सिंह मैत्री संस्था के अध्यक्ष प्रदीप यादव और पार्षद सरिता के भाई सिकंदर को हरियाणा युवा कांग्रेस में प्रदेश महासचिव चुना गया है। युवा कांग्रेस की जनवरी से मार्च माह तक चली चुनाव प्रक्रिया के परिणाम में दोनों के निर्वाचन का ऐलान हुआ। मतदान प्रक्रिया के दौरान प्रदीप यादव को 1264 प्राप्त हुए हैं। प्रदीप को पहले भी हरियाणा युवा कांग्रेस का प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया था। प्रदीप यादव और सिकंदर ने अपनी जीत का श्रेय पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा, सांसद दीपेंद्र हुड्डा, पूर्व विधायक राजेंद्र जून समेत कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और युवा कार्यकर्ताओं को दिया। दोनों ने इस जिम्मेदारी का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करते हुए कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने का दावा किया।

## पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन 31 जुलाई तक

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक आवेदन किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2025 के तहत बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल 18 वर्ष तक आयु तक के बच्चों को प्रदान किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 के जनवरी माह में आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।

## वोकल पर फॉर लोकल की शपथ दिलाई

**बहादुरगढ़।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल दिल्ली प्रदेश द्वारा वोकल फॉर लोकल शपथ एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा व राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन सुनील सिंधी ने शिरकत की। बहादुरगढ़ से पूर्व पार्षद जसबीर सैनी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने बताया कि देश में बनी वस्तुओं को बढ़ावा देने, व्यापार में लेन-देन प्रक्रिया में भारतीय प्रणाली को महत्व देने व मोदी सरकार की वोकल फॉर लोकल मुहिम के प्रचार व प्रसार के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया। सीएम रेखा गुप्ता ने सभी लोगों को वोकल फॉर लोकल की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर रोहित, धर्मबीर सैनी, पुनीत, जीवन, नीरज व ललित आदि मौजूद रहे।

### चुनाव में हार का सबसे बड़ा कारण संगठन का अभाव माना


# पर्यवेक्षक को खरी-खरी, डीपी दहिया बोले बंद कमरे की बजाय सबके बीच हो बात

- पर्यवेक्षकों ने संबोधन के बाद बंद कमरे में की कांग्रेसियों से चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़


एआईसीसी पर्यवेक्षक के तौर पर गुजरात के पूर्व सांसद जगदीश ठाकोर मंगलवार को बहादुरगढ़ पहुंचे। यहां उन्होंने स्थानीय कांग्रेसियों की बैठक ली और संगठन मजबूत करने पर चर्चा की। उनके साथ ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी की तरफ से पूर्व सीपीएस राव दान सिंह, बादशाहपुर से वर्धन यादव और राई से जयभगवान आंतिल भी बैठक में मौजूद थे। गोरैया पर्यटन केंद्र के हॉल में हुई बैठक में सभी पर्यवेक्षकों के स्वागत व संबोधन के बाद कमरा नंबर-103 में सभी पर्यवेक्षक बैठ गए। बैठक के बाद बंद कमरे में व्यक्तिगत या सामूहिक चर्चा पर डीपी दहिया ने एतराज उठाया कि बंद कमरे की बजाय यहां सबके बीच में बात होनी चाहिए। लेकिन संबोधन के बाद पर्यवेक्षकों ने कमरे में ही कांग्रेसियों की राय जानी। पूर्व सांसद जगदीश ठाकोर ने बताया कि गुजरात में ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी का अधिवेशन हुआ था। इसके बाद कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक भी हुई। दोनों में संगठन विस्तार पर चर्चा हुई थी। उदयपुर अधिवेशन में भी यही चर्चा हुई थी। राहुल गांधी की देखरेख में संगठन का पायलट प्रोजेक्ट गुजरात से शुरू हुआ। दूसरे चरण में हरियाणा और मध्यप्रदेश में संगठन खड़ा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हर जिले में एआईसीसी से एक और पीसीसी की तरफ से 3 पर्यवेक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। पर्यवेक्षक 20 से पहले सर्वे पूरा करेंगे और 30 तारीख से पहले एआईसीसी को पूरी रिपोर्ट सौंप देंगे। फिर बैठक होगी, जिसमें चर्चा के बाद महीने के अंत तक हरियाणा का संगठन घोषित हो जाएगा। उनके अनुसार हाईकमान हर चीज पर नजर रखे हुए है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि गुजरात में कई चुनाव स्थगित हुए हैं, वन नेशन वन इलेक्शन की केवल बातें हो रही हैं। जबकि चुनावों में क्या होता है, ये सब जानते हैं। राव दान सिंह ने कहा कि लोकसभा व विधानसभा चुनाव में हार का सबसे बड़ा कारण संगठन का अभाव था। उन्होंने कहा कि जल्द संगठन बनेगा और सत्ता में बदलाव भी होगा। सबको साथ लेकर चलने वालों को कार्यकर्ता आगे लाएं और सहयोग दें। इच्छुक लोग फार्म भरें और कमियां भी बताएं। बैठक में श्रीनिवास गुप्ता, राजपाल आर्य, राज पहलवान, अरुण खत्री, प्रदीप यादव, नरेश जून, परमजीत दलाल, रवींद्र जाखड़, प्रदीप लडरावन, रजनीश मोनू, सतीश मुदगिल, प्रियवर्त दलाल, संजीव मलिक, दिनेश नागर, इंद्र राठी, मनीष परनाला, सुरेश राठी, संदीप दहिया, सिकंदर, आजाद अहलावत व दर्शन सैनी आदि मौजूद रहे।

**कार्यकर्ताओं से कमियां भी पूछी**



**बहादुरगढ़।** मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक लेते पर्यवेक्षक।

## अजय का भारतीय वायुसेना में लेफ्टिनेंट पद पर हुआ चयन



**झज्जर।** गांव पहुंचने पर अपने परिजनों के बीच लेफ्टिनेंट अजय। **फोटो :हरिभूमि**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के माजरा गांव निवासी अजय का चयन भारतीय वायुसेना में लेफ्टिनेंट पद पर हुआ है। वे एक साधारण परिवार से संबंध रखते हैं। उनके पिता महाबीर मजदूरी करके अपना व अपने परिवार का गुजारा चलाते हैं। अजय के इस चयन से जहां पूरे गांव में खुशी की लहर है वहीं वह गांव के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा बना है। अजय ने सुविधाओं के अभाव में लेफ्टिनेंट बनकर यह साबित कर दिखलाया है कि यदि किसी लक्ष्य को पाने के लिए अथक मेहनत की जाए तो वह एक दिन जरूर हासिल होता है। अजय अपनी कामयाबी का श्रेय अपने परिजनों को देते हैं। उनका कहना है कि उनके पिता ने सीमित साधनों के बीच भी उसकी शिक्षा को लेकर किसी बात की कमी नहीं आने दी। उसने अपनी बारहवीं कक्षा तक की शिक्षा गांव के ही स्कूल से हासिल की।

उसका सपना था कि सेना में जाकर देश सेवा करे। अजय के घर पहुंचने पर परिजनों व ग्राम वासियों द्वारा उसका फूल व नोटों की माला से स्वागत किया गया।

## अयोध्या जा रहे युवक का ट्रेन में मोबाइल किया चोरी

- राजकीय रेलवे पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की
- आम नागरिकों से भी अपील है कि वे ट्रेन में सफर के दौरान अपने सामान पर नजर रखें

**बहादुरगढ़।** ट्रेन में चढ़ते वक्त होने वाली भीड़भाड़ का फायदा उठाकर चोर वारदात कर रहे हैं। बहादुरगढ़ रेलवे स्टेशन पर गाड़ी में सफर करते व चढ़ते उतरते वक्त चोरी की कई वारदात हो चुकी हैं। अब एक और मामला सामने आया है। यहां अयोध्या जाते वक्त ट्रेन पर चढ़ते एक युवक का मोबाइक निकाल लिया गया। इस संबंध में राजकीय रेलवे पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात सेक्टर-7 के निवासी विपिन के साथ हुई है। विपिन का कहना है कि गत आठ जून को वह बहादुरगढ़ रेलवे स्टेशन से गाड़ी में अयोध्या जाने के लिए सवार हो रहा था। जैसे ही गाड़ी में चढ़ने लगा तो भीड़ का लाभ उठाकर किसी ने जेब से मोबाइल निकाल लिया। जब मैं ट्रेन में अंदर घुसा तो वारदात का पता चला लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। अब अयोध्या में दर्शन करके वापस लौटकर शिकायत दी है। वहीं, पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है। जल्द से जल्द मामले को सुलझाने का प्रयास रहेगा। आम नागरिकों से भी अपील है कि वे ट्रेन में सफर के दौरान अपने सामान पर नजर रखें। विशेषकर भीड़भाड़ में अतिरिक्त सावधानी बरतें। कोई संदिग्ध नजर आए तो पुलिस को सूचना दें।

## डीएमसी से चेयरपर्सन की मुलाकात की चर्चा



**बहादुरगढ़।** डीएमसी प्रदीप दहिया को फूलों का गुलदस्ता भेंट करती चेयरपर्सन सरोज राठी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने डीएमसी प्रदीप दहिया से मुलाकात की। इस दौरान नगर परिषद बहादुरगढ़ द्वारा दिव्य नगर योजना तथा विकास की अन्य योजनाओं के बनाए गए एस्टीमेटों की उन्हें जानकारी दी। साथ ही विभिन्न विकास कार्यों पर चर्चा की। चेयरपर्सन सरोज राठी ने डीएमसी कार्यालय से प्रॉपर्टी आईडी की सभी पेंडिंग फाइल क्लियर होने तथा पिछले दिनों सफाई कर्मचारियों की हड़ताल को खुलवाने में किए गए सहयोग पर उनका आभार भी जताया। डीएमसी प्रदीप दहिया ने चेयरपर्सन से कहा कि नगर परिषद बहादुरगढ़ में आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करवाना सुनिश्चित करें। साथ ही केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का पात्र लोगों को समय पर लाभ मिले। इस अवसर पर पार्षद ज्योति रोहिल्ला, राजेश तंवर व पवन रोहिल्ला मौजूद रहे।

## डीईओ ने किया निपुण प्रशिक्षण का निरीक्षण

- प्रशिक्षण में झज्जर जिले के अतिरिक्त विभिन्न जिलों से आए कुल 176 शिक्षकों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



**बहादुरगढ़।** प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को संबोधित करते शिक्षा अधिकारी। **फोटो :हरिभूमि**

शहर के राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में निपुण भारत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में झज्जर जिले के अतिरिक्त विभिन्न जिलों से आए कुल 176 शिक्षकों ने भाग लिया। मंगलवार को जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता (एफएलएन) पर केंद्रित यह प्रशिक्षण राष्ट्र निर्माण की बुनियाद है। शिक्षकों की भूमिका इसमें सबसे महत्वपूर्ण है। यदि शिक्षक मन, वचन और कर्म से इस मिशन को अपनाएं, तो हम हर बच्चे को पढ़ने, समझने और अभिव्यक्त करने में सक्षम बना सकते हैं। झज्जर जिला राज्य स्तर पर निपुण हरियाणा के क्रियान्वयन में एक अग्रणी जिला है और इसे बरकरार रखने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। खंड शिक्षा अधिकारी शेर सिंह ने भी शिक्षकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हमें अपने विद्यालयों में प्रत्येक बच्चे को सक्षम बनाने के लिए लगातार प्रयासरत रहना होगा। जब शिक्षक स्वयं प्रेरित होंगे, तभी बच्चे भी सीखने के प्रति उत्साहित होंगे। जिला निपुण समन्वयक डॉ. सुदर्शन पुनिया ने बताया कि झज्जर जिले द्वारा बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता, शिक्षक दक्षता विकास, मूल्यांकन आधारित शिक्षण, कक्षा शिक्षण सामग्री, और शाला पूर्व शिक्षा आदि के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए निरंतर नवाचार किए जा रहे हैं। उनका उद्देश्य ऐसा शिक्षण वातावरण बनाना है, जिसमें हर बच्चा सहजता से सीख सके। इसके लिए जिला स्तर से लेकर कक्षा स्तर तक हर शिक्षक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस मौके पर जिला गणित विशेषज्ञ विक्रम सिंह, परमजीत, प्राचार्य मंजू रानी, ऋषि सहरावत, कप्तान सिंह व अर्चना शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## आईटीआई में दाखिले के लिए आवेदन के तीन दिन शेष, 30 जून को लगेगी पहली कट ऑफ

- जिले की 14 आईटीआई में करीब 2 हजार आवेदन जमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में दाखिला प्रक्रिया शुरू हो चुकी है व आवेदन के केवल तीन दिन शेष बचे हैं। दाखिला शेड्यूल के अनुसार बीस जून तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। दाखिले के लिए जारी किए गए एडमिशन लिंक पर पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। जिले में संचालित हो रही 14 आईटीआई में करीब दो हजार आवेदन जमा हो चुके हैं। नोडल अधिकारी जीतपाल ने बताया कि पहली कट ऑफ लिस्ट तीस जून को जारी की जाएगी। जिसके बाद चार जुलाई तक पहली कट ऑफ में चयनित विद्यार्थियों के दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया चलेगी। उन्होंने बताया कि दाखिले से संबंधित दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, हरियाणा रिहायशी प्रमाण पत्र, ईमेल आईडी, दसवीं आधारित योग्यता प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, बैंक अकाउंट की कॉपी, व मोबाइल नंबर के साथ साथ फैमिली आईडी को भी जरूरी किया गया है।



**झज्जर।** आईटीआई एट गुढ़ा में स्थापित हेल्प डेस्क पर जानकारी लेते हुए विद्यार्थी।

**जिले की विभिन्न आईटीआई में सीटों की स्थिति**

जिले के 14 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों झज्जर एट गुढ़ा में 508, झज्जर एट गुढ़ा महिला में 152, आसौदा में 128, बहादुरगढ़ में 652, बहादुरगढ़ महिला में 176, भापड़ौदा में 284, छारा में 316, दूबलधन में 128, जहांगीरपुर में 152, मातनहेल में 568, साल्हावास में 504, खुड्डन में 192, पहाड़ीपुर में 172 तथा सैनिक परिवार भवन में 72 सीटों पर दाखिला आवेदन प्रक्रिया की जाएगी।

## बेरी की जेएलएन में मिले शवों का करवाया पोस्टमार्टम

- मामले के जांच अधिकारी जगबीर ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या मृतक की उम्र 25 से 30 वर्ष आंकी जा रही है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

पुलिस द्वारा क्षेत्र के गांव अकेहड़ी मदनपुर स्थित पंप हाऊस व बेरी क्षेत्र से गुजरने वाली जेएलएन में मिले शवों का मंगलवार को पोस्टमार्टम कराया गया। बता दें कि बीती पन्द्रह जून को अकेहड़ी मदनपुर पंप हाऊस से एक युवक का शव मिला था। पंप पर काम करने वाले कर्मचारियों ने जब पानी बहते हुए शव को देखा तो उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी थी। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर शव को पानी से बाहर निकवाते हुए उसे नागरिक अस्पताल के शवगृह भिजवाया था। मामले के जांच अधिकारी जगबीर ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या मृतक की उम्र 25 से 30 वर्ष आंकी जा रही है। दूसरी ओर बेरी क्षेत्र से गुजरने वाली जेएलएन में भी एक व्यक्ति का शव मिला था। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को ग्रामीणों की सहायता से बाहर निकवाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल के शवगृह में भिजवाया था। मामले के जांच अधिकारी प्रवीण ने बताया कि मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। मृतक के दाहिने हाथ पर अंग्रेजी में बलवान मान लिखा हुआ है तथा ओम का निशान बना है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि 72 घंटे पूरे होने के बाद उनका दाह संस्कार करा दिया जाएगा।


**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़

झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर

फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**

मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



**हरिभूमि**
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।

**अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें**

झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400

बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900


## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 जुलाई को

**झज्जर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन व जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय तेवतिया के मार्गदर्शन में झज्जर व उपमंडल बहादुरगढ़ में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आगामी 12 जुलाई को किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन व जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय तेवतिया ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए विभिन्न बैंकों, सरकारी विभागों इत्यादि के उच्च अधिकारियों के साथ सामंजस्य स्थापित करने का प्रयास किया गया। जनता को अधिकतम छूट एवं वाहन बिजली विभाग, सिंचाई विभाग व पंचायती राज, जिससे आम जनता को लोन रिकवरी केस में अधिकतम छूट, वाहन दुर्घटना मुआवजा में अधिकतम मुआवजा आपसी सहमति के आधार पर दिया जा सके। छोटे अपराधों में ट्रैफिक चालान व फैक्ट्री इत्यादि मामलों के निपटारे में रियायत एवं नरमी बरती जाएगी। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन फिजिकल तरीके से किया जाएगा।

### झज्जर जिले के आधा दर्जन से अधिक पहलवान भारतीय टीम में शामिल

# एशिया चैंपियनशिप खेलने वियतनाम पहुंची भारतीय टीम

- ग्रीको रोमन टीम में पांच पहलवान हिंद केसरी सोनू अखाड़े के
- कुश्ती प्रेमियों ने सभी पहलवानों को शुभकामनाओं के साथ विदा किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



**बहादुरगढ़।** वियतनाम जाने के लिए एयरपोर्ट पर मौजूद कोच व भारतीय टीम। **फोटो :हरिभूमि**

एशियन चैंपियनशिप में कुश्ती का दम दिखाने के लिए भारतीय टीम वियतनाम पहुंच गई है। बुधवार से चैंपियन का आागाज होगा। झज्जर जिले के आधा दर्जन से अधिक पहलवान भारतीय टीम में शामिल हैं। इनमें से ग्रीको रोमन वर्ग में पांच पहलवान तो अकेले मांडोठी स्थित हिन्द केसरी सोनू अखाड़े के हैं। इनसे पदक की उम्मीदें हैं। कुश्ती प्रेमियों ने सभी पहलवानों को शुभकामनाओं के साथ विदा किया है। दरअसल, 18 से 26 जून तक अंडर-23 व कैडेट यानी अंडर-17 वर्ग में यह चैंपियनशिप होगी। कई एशियाई देशों के पहलवान इसमें भाग ले रहे हैं। वियतनाम खेलने गई ग्रीको रोमन टीम में पांच पहलवान हिंद केसरी सोनू अखाड़े के हैं। इनमें 63 केजी में सुमित दलाल, 67 केजी में उमेश, 110 केजी में हरदीप, 92 केजी में अर्जुन व 55 केजी में निशांत दलाल शामिल हैं। ग्रीको रोमन टीम के कोच व इंचार्ज के तौर पर इन्हें प्रशिक्षण देने वाले कॉमनवेल्थ चैंपियन धर्मेंद्र दलाल टीम के साथ वियतनाम पहुंच चुके हैं। धर्मेंद्र दलाल ने कहा कि ये पांचों पहलवान बेहद प्रतिभाशाली व होनहार हैं।

इनमें से सुमित, उमेश आदि तो विश्व स्तर पर पहले भी पदक जीत चुके हैं। केवल यही नहीं, इंडिया की टीम में शामिल सभी पहलवान बेहद अच्छे हैं। यकीनन इस बार भी एशिया चैंपियनशिप में भारत का दबदबा रहेगा। हमारे सबसे अधिक मेडल आएंगे।